Ruling regarding notices of Adjournment Motion

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, मुझे श्री गुरजीत सिंह औजला, एडवोकेट चन्द्र शेखर, श्री राजेश रंजन, श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, श्री एम. के. राघवन, श्री के. सी. वेणुगोपाल, श्री शफी परम्बिल, एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्ज, श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर, श्री एंटो एन्टोनी, श्री बैन्नी बेहनन, श्री हनुमान बेनीवाल, श्री बी. मणिक्कम टैगोर, श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत, श्री धर्मेन्द्र यादव, डॉ. मोहम्मद जावेद, मोहम्मद रकीबुल हुसैन, और श्री कोडिकुन्नील सुरेश के द्वारा कई विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएँ प्राप्त हुई हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्य, बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** पप्पू जी, अगर आप अपनी सीट पर नहीं जाएंगे तो आपको कभी बोलने का मौका नहीं मिलेगा । इस संसद के अन्दर जो ?वेल? में आएंगे या ?वेल? के बाहर रहकर बोलेंगे, उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलेगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, मुझे कई माननीय सदस्यों द्वारा कई विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएँ प्राप्त हुई हैं । मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति नहीं दी है ।

आज शून्य काल चलेगा । मैंने आपको विषय बता दिया । आपको शून्य काल में बोलने का अवसर देंगे ।

12.02 hrs